हाड़ौती का सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र

# दैनिक पैंतरा

राजकीय विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

बारां व झालावाड से प्रकाशित, कोटा व बून्दी से प्रसारित

E-mail :- pentranews@gmail.com

वर्ष 07 अंक 007 | झालावाड़, शनिवार 01 फरवरी 2025 | RNI NO. RAJHIN/2019/78056 | पोस्ट रजि. नं. JHALAWAR/07/2023-25 | पृष्ठ 4 मूल्य 2 रु.

## फरवरी माह में आयोजित होगें 52 नसबंदी शिविर
## पुरुष नसबंदी पर मिलेगा अतिरिक्त प्रोत्साहन

**पैंतरा न्यूज**

**झालावाड़ 31 जनवरी।** निदेशालय से प्राप्त निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत नसबंदी के लक्ष्यों की पूर्ति करने के उद्देश्य हर माह नसबंदी शिविरों का आयोजन किया जा है। जिले में पुरुष नसबंदी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विशेष नसबंदी शिविरो का आयोजन कर परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी बढाने के प्रयास किये जा रहे है ताकि जिले से परिवार कल्याण क्षेत्र में पुरुषों की भागीदारी अन्य जिलों से अधिक हो।

जिले में चिकित्सा संस्थानों पर आयोजित होने वाले नसबंदी शिविर हर शनिवार को अकलेरा, रायपुर, सोमवार को रटलाई, डग, सुनेल मंगलवार को चौमहेला, असनावर, सारोला, पिडावा, बुधवार को भवानीमण्डी खानपुर, मनोहरथाना, शुक्रवार को बकानी, झालरापाटन नसबन्दी शिविरों का आयोजित किये जा रहे है। जिले में 52 फिक्स डे नसबन्दी शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (प.क.) डॉ. अरविन्द कुमार नागर ने बताया कि सभी बीसीएमओ एवं एमओबाईसी को नियत दिन आयोजित होने वाले शिविरों में मौसमी के अनुरुप व्यवस्था करते हुए अधिक से अधिक नसबंदी करवाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये है ताकि शिविरों में कोई अव्यवस्था न रहे।

जिले की सभी आशा सहयोगिनी, एएनएम को लक्ष्य अनुरुप नसबंदी केस प्रेरित कर नसबंदी करवाने हेतु पाबन्द किया है। जिसमें नसबंदी करवाने वाले पुरुष व महिला इन शिविरों में जाकर नसबंदी करवा सकते है।

नसबंदी कैसों में एक या दो बालिकाओं पर नसबंदी करवाने वाले दम्पत्तियों की बालिकाओं का राजस्थान सरकार की मुख्यमंत्री बालिका संबल योजना के अन्तर्गत निकटतम डाकघर में सुकन्या खाते भी खुलवाये जा रहे है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि जिला कलक्टर द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में निर्देश प्रदान किये गये है कि इस वर्ष जिले द्वारा दो या एक बच्चें पर नसबंदी करवाने वाले पुरुष व महिलाओं पर विशेष कार्ययोजना के अनुसार कार्य करते हुए कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। जिस हेतु जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत पुरुष नसबंदी को प्रोत्साहित करने के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि 2100 रुपये तथा सरकार द्वारा देय 3000 रुपये कुल 5100 रुपये देने का अनुमोदन किया गया।



## लांयस क्लब कोटा ने करवाएं 103 मोतियाबिंद के ऑपरेशन

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,31 जनवरी।** मोतियाबिंद के रोगियो के लिए लायंस क्लब कोटा के द्वारा नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन निरंतर जारी है।

लायंस क्लब कोटा द्वारा आयोजित निशुल्क नैत्र शल्य चिकित्सा शिविर झालावाड़ रोड स्थित लांयस क्लब भवन में सम्पन्न हुआ।

अध्यक्ष प्रमोद विजयवर्गीय ने बताया कि शिविर के रजिस्ट्रेशन कार्य 28 जनवरी से प्रारंभ किया गया था। जिसमें 225 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया।

बीपी, शुगर अन्य बिमारी के चलते 103 नेत्र रोगियो को ऑपरेशन कर शुक्रवार को उन्हे काले चश्मे सौपे गए। कार्यक्रम में केईडीएल के टेक्निकल हेड अन्नामित्रो डाली मुख्य अतिथि रहे। उन्होने नेत्र रोगियों को काले चश्में पहनाएं।

शिविर प्रभारी अशोक नुवाल ने बताया कि सभी ऑपरेशन डॉ. विशाल स्नेही ने सभी मरीजों का ऑपरेशन आधुनिक लेजर तकनीक के माध्यम से किया गया और मरीजों को लेंस प्रत्यारोपित किए।

इस अवसर सचिव वीरेन्द्र विजय, क्बल सदस्य अशोक नुवाल, अरुण तुलसियान,राम मदनानी, पवन पारेता, विनोद अजवानी उपस्थित रहे।

## एग्रीस्टैक योजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने में होगी आसानी

### 5 फरवरी से ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होंगे शिविर

**पैंतरा न्यूज**

**झालावाड़ 31 जनवरी।** राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए फरवरी माह से सम्पूर्ण प्रदेश में एग्रीस्टैक योजना शुरू की जा रही है। योजना के अन्तर्गत किसानों की जानकारी का व्यापक डेटाबेस तैयार करते हुए प्रत्येक किसान को 11 अंकों की विशिष्ट फार्मर आईडी प्रदान की जाएगी। इससे किसानों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सुगमता एवं पारदर्शिता आएगी।

उपखण्ड अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी (भू अभि.) अभिषेक चारण ने बताया कि एग्रीस्टैक योजना का उद्देश्य किसानों के लिए सस्ता ऋण, उच्च गुणवत्ता वाले कृषि इनपुट, स्थानीयकृत और विशिष्ट सलाह और बाजारों तक अधिक सूचित और सुविधाजनक पहुंच प्राप्त करना एवं आसान बनाना है। उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा उक्त आईडी बनवाने हेतु आधार कार्ड, आधार से लिंक मोबाइल नम्बर एवं जमाबंदी की अद्यतन प्रति लाना आवश्यक होगा।

एग्रीस्टैक योजना के तहत चरणबद्ध रूप से 5 फरवरी 2025 से ग्राम पंचायत स्तर पर फार्मर रजिस्ट्री के लिए शिविर लगाए जाएंगें। सभी किसानों को एग्रीस्टैक कृषि से जोड़ा जाएगा, ताकि कोई भी किसान सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे।

उल्लेखनीय है कि एग्रीस्टैक कृषि से संबंधित डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचा उपलब्ध कराने की केन्द्र सरकार की परियोजना है। इसके अंतर्गत डिजिटल रूप में क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री एवं भू–संदर्भित नक्शे का डेटाबेस निर्माण कर प्रत्येक किसान को विशिष्ट आईडी प्रदान की जाएगी।

एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत किसान का नाम, पिता का नाम, उसके स्वामित्व वाले खेत का खसरा नम्बर, उसके हिस्से वाले खेत का खसरा नम्बर, मोबाइल नम्बर और आधार नम्बर को एकत्र कर एक कम्पलीट डाटाबेस तैयार किया जाएगा।

किसानों को डाटाबेस तैयार होने के बाद पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त आसानी से मिलना, फसल बीमा का लाभ, खराबे की स्थिति में किसानों का चिन्हीकरण, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए किसानों का स्वतः रजिस्ट्रेशन एवं अन्य किसान कल्याणकारी योजनाओं में लाभ मिलेंगे। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर डेटा तैयार करने से लेकर पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं तक किसानों की पहुंच आसान हो सकेगी।




## ग्रामीणों ने उपखंड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन
## सरपंचों को ही प्रशासक नियुक्त करने का विरोध

**पैंतरा न्यूज/मुकेश शर्मा**

**चौमहला 31 जनवरी।** गंगधार उपखंड क्षेत्र के जिला परिषद व पंचायत समिति सदस्यों और ग्रामीणों ने उपखंड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर ग्राम पंचायतो में सरपंचों को ही प्रशासक नियुक्त करने का विरोध करते हुवे ग्राम पंचायतो के चुनाव करवाने के लिए मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौपा है।

ज्ञापन में बताया गया वर्तमान में 11283 पंचायतो का कार्यकाल लगभग समाप्त हो चुका है ,लेकिन राजस्थान सरकार द्वारा पुनः उन्ही सरपंचों के प्रशासक नियुक्त कर उनका कार्यकाल बड़ा कर उनको वित्तीय अधिकार देना असवैधानिक है इस निर्णय से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जो 73 वे संविधान संशोधन 1992 का सीधा उल्लंघन है , इसलिए उन सभी पंचायतो का जिनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है ,उनमें प्रशासक नियुक्ति को रद्द कर आम जनता के मतों द्वारा चुने गए जिला परिषद सदस्य ,पंचायत समिति सदस्य या सचिव को ही वित्तिय अधिकार देकर प्रशासक नियुक्त किया जाने की मांग की है । जिन पंचायतो का कार्यकाल समाप्त हो चुका है वहाँ निर्धारित समय पर राजस्थान ग्राम पंचायत सरपंच अधिनयम 73 वे संविधान संशोधन अधिनियम के अंतर्गत 2025 ग्राम पंचायतो के चुनाव करवाने की मांग की गई ।

## फिट्जी के खिलाफ कोटा शहरवासियों में नाराजगी
## कोटा में भी परिवाद दर्ज है फिट्जी के खिलाफ

### कोटा की छवि बिगाड़ने के प्रयास पर शहरवासियों ने 2016 में दी थी अदालत में याचिका

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,31 जनवरी।** पिछले दिनों देशभर में बिना किसी पूर्व सूचना के अपनी कक्षाएं बंद करने के बाद चर्चा में आए इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी के संस्थान फिट्जी के खिलाफ कोटा शहरवासियों में भी नाराजगी है।

फिट्जी द्वारा लगातार देश के समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी कर कोटा को 'सुसाइड सिटी ऑफ इंडिया' छापकर बदनाम किया गया था। इसके बाद कोटा व्यापार महासंघ और स्थानीय नागरिकों ने इसके लिए परिवार अदालत में दिया था। यह परिवाद 2016 में दिया गया था। इस परिवाद की सुनवाई न्यायालय में विचाराधीन है।

इस मामले में कोटा व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक माहेश्वरी भी गवाह हैं, तथा वरिष्ठ पत्रकार मनोहर पारीक ने इस संबंध में अदालत में परिवाद दिया था।

इस मामले में परिवादी मनोहर पारीक ने बताया कि कॅरियर सिटी कोटा इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए देश में अलग पहचान रखती है। हर वर्ष लाखों की संख्या में विद्यार्थी अपने सपनों को साकार करने कोटा आते हैं। ऐसे में फिट्जी कोचिंग संस्थान द्वारा विज्ञापन जारी किया गया एवं कोटा को 'सुसाइड सिटी अश्वफ इंडिया' दर्शाया गया है, जो कि काफी घृणास्पद है। न्यायालय विशिष्ट न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, एनआई प्रथम कोटा की ओर से फिट्जी के कार्यकारी प्रभारी एवं निदेशक डीके गोयल को नोटिस भिजवाया गया है।

मामले में पैरवी कर रहे एडवोकेट देवेन्द्र वर्मा ने बताया कि फिट्जी के द्वारा कोटा की छवि धूमिल करने का त्य किया गया है, जिससे पूरे देश में कोटा के प्रति घृणा एवं तिरस्कार का भाव पैदा हुआ है। शहर की अर्थव्यवस्था के लिए कहीं से भी उचित नहीं है। भारतीय दंड संहित की धारा 500 के तहत अपराध की श्रेणी में आता है।

उल्लेखनीय है कि घृणित विज्ञापन प्रकाशित करने के बाद कोटा शहरवासियों में संस्थान के खिलाफ रोष था और कोटा व्यापार महासंघ की अगुवाई में कई क्षेत्रों में प्रदर्शन भी किया गया था। फिट्जी संस्थान के खिलाफ नारे लगाए गए थे। स्थानीय प्रशासन से भी कार्रवाई करने की मांग की गई थी।

देशभर में फिट्जी कोचिंग की करीब 72 शाखाएं संचालित है। पिछले दिनों हाल ही में मध्यप्रदेश के भोपाल सहित दिल्ली–एनसीआर में संचालित फिट्जी के कई सेंटर अचानक बंद हो गए। इसके बाद पूरे देश में अभिभावकों ने फीस लौटाने की मांग करते हुए संस्थान के खिलाफ मुकदमे दर्ज करा दिए। इसके बाद से ही फिट्जी के मालिक डीके गोयल पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है।

## डीआरएम ने कोटा–नागदा खण्ड पर किया संरक्षा निरीक्षण

### स्टेशनों के निमार्ण कार्य की प्रगति का लिया जायजा



**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 31 जनवरी।** मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिल कालरा ने 31 जनवरी को कोटा–नागदा खण्ड का संरक्षा विन्डो ट्रेलिंग एवं अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान संरक्षा मानकों, प्वांट्स, ट्रेनों के संचालन से संबंधित स्टेशन मास्टर पैनल, संरक्षा अनुदेशों की अनुपालना की जाँच की।

डीआरएम ने ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के सभी नियमों एवं अनुदेशों की सख्त अनुपालना के निर्देश दिए। साथ ही कोटा–विक्रमगढ़ आलोट खण्ड पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत निर्माणाधीन रेलवे स्टेशनों रामगंजमंडी 18.62 करोड़,भवानी मंडी 25.69 करोड़ एवं शामगढ़ 19.20 करोड़ की लागत से चल रहे पुनर्विकास कार्यो की प्रगति का निरीक्षण कर जायजा लिया। वर्तमान में रामगंजमंडी में 59 प्रतिशत,भवानी मंडी 63 प्रतिशत एवं शामगढ़ 71 प्रतिशत कार्य प्रगति है।

डीआरएम ने स्टेशनों पर चल रहे पुनर्विकास कार्य को गुणवत्ता मानकों के साथ तीव्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

स्टेशन कायाकल्प होने पर यात्रियों को उन्नत सुविधाओं का लाभ एवं आर्थिक गतिविधियों के साथ पर्यटन में इजाफा होगा। इस दौरान डीआरएम के साथ सहायक वाणिज्य प्रबंधक अमित वर्मा,सहायक परिचालन प्रबंधक जे एस सोहल,सहायक विधुत इंजीनियर,सहायक मंडल इंजीनियर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## रक्तदान शिविर में 49 यूनिट रक्त संग्रह, 543 लोगों का स्वास्थ्य जांचा




**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 31 जनवरी।** लायंस क्लब कोटा साउथ,महाविद्यालय एनएसएस इकाई रेड रिबन क्लब तथा सुधा ब्लड बैंक सुधा हश्वस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को ओम कोठारी संस्थान में स्व. ओम प्रकाश कोठारी की 52 वीं पुण्यतिथि पर सात दिवसीय एनएसएस कैंप के तहत रक्तदान शिविर एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 49 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों एवं आसपास के अनंतपुरा एवं बरड़ा बस्ती के 543 लोगों ने विभिन्न निशुल्क जांचों एवं परामर्श का लाभ उठाया। लायंस क्लब कोटा साउथ के अध्यक्ष किशन गुप्ता ने बताया कि फिजिशियन डॉ. जीडी रामचंदानी, स्त्री रोग विशेषज्ञ हिमानी विजय, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित नंदवाना, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. निकिता जोशी, एक्यूप्रेशर डॉ. राजकुमार सोनी, साइकोलॉजिस्ट डॉ. शिवांगी निषाद ने सेवाएं दीं।

इसके अलावा फिजियोथेरेपी, एक्यूप्रेशर, ऑर्थोपेडिक्स की सेवाएं उपलब्ध थीं। इस दौरान 103 लोगों ने रक्त जांच व शुगर जॉच का लाभ उठाया। इसके अतिरिक्त 116 लोगों ने आदित्य बिरला की तरफ से लगे हुए एम पावर मेटल हेल्थ कंसल्टेंसी में अपने मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां एवं परामर्श का लाभ उठाया।

इस दौरान लायंस क्लब कोटा साउथ के अध्यक्ष किशन गुप्ता, महाविद्यालय के डायरेक्टर अमित राठौड़,प्रिंसिपल डॉ. गीता गुप्ता, सचिव सुधा शर्मा, प्रतिभा गुप्ता, विजेंद्र व्यास, निशा धूत मौजूद रहे। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को लायंस क्लब कोटा साउथ द्वारा आकर्षक उपहार दिए गए।

## कोटा संभाग से सीपी आर्य को सदस्य मनोनीत करने पर पूर्व मंत्री नागर व पूर्व सांसद राजोरिया का जताया आभार

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 31 जनवरी।** राजस्थान खटीक महासमिति के द्वारा जयपुर में कार्यालय पर संस्थानिक क्षेत्र झालाना डूंगरी मैं एक बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्व समिति से संस्था के विधान की उपाधि की धारा 6 एवं 11 की पालनार्थ एवं बाबूलाल नागर पूर्व मंत्री, मनोज राजोरिया पूर्व सांसद की मनसा के अनुरूप संस्था का जिला एवं तहसील स्तर तक गठन करने हेतु कार्यकारिणी द्वारा मनोनीत किए जाने वाले पदाधिकारी का चयन संस्था की आम सभा का सदस्य अथवा संस्था के विधान में आस्था रखते हो उन्हें विभिन्न पदों पर मनोनीत किया गया, जिसमें कोटा संभाग से राज्य स्तरीय सामूहिक



विवाह समिति में सीपी आर्य को सदस्य एवं जिला व तहसील स्तर पर कार्यकारिणी का गठन करने हेतु दिनेश खटीक को समन्वयक सीपी आर्य, नरेंद्र खींची,दीपक भलवाला, राधेश्याम आर्य,रामराज बागड़ी, देवकीनन्दन वर्मा,अंकित बुलीवाल को सदस्य मनोनीत किया गया,जिस पर सीपी आर्य ने पुर्व कैबिनेट मंत्री बाबूलाल नागर व पुर्व सांसद मनोज राजोरिया का आभार व्यक्त किया।

## एक माह तक लहसुन की नीलामी बंद

**पैंतरा न्यूज**

**छबड़ा 31 जनवरी।** बाहर दिसावर में पुराने लहसुन का उठाव नहीं होने के कारण छबड़ा कृषि उपज मंडी के लहसुन व्यापारियों द्वारा 3 फरवरी से 2 मार्च तक लहसुन की नीलामी बंद करने का निर्णय लिया गया है। इसलिए उक्त एक माह की अवधि के दौरान कृषक छबड़ा मंडी में लहसुन लेकर नहीं आए।

यह जानकारी ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन अध्यक्ष किशन कालरा ने दी है।

## 'उमंग 2025' में अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,31 जनवरी।** कोटा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव 'उमंग–2025' में अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



कार्यक्रम मुख्य अतिथि न्यू मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. संगीता सक्सेना रही और विशिष्ट अतिथि इण्डियन रेडक्रॉस के स्टेट चैयरमेन राजेश कृष्ण बिरला थे।

कार्यक्रम का संचालन डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नीलू चौहान द्वारा किया गया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. कैलाश सोडानी, रजिस्ट्रार डॉ. भावना शर्मा एवं अन्य गणमान्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

***इन प्रतियोगिताओं में मारी बाजी :–***

अकलंक विद्यालय एसो.अध्यक्ष पीयूष बज व महामंत्री अनिमेष जैन ने बताया कि अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक उत्सव 'उमंग 2025' में अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

ललित कला श्रेणी में आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में प्रियल मेहरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

साहित्यिक श्रेणी की वाद–विवाद प्रतियोगिता में खुशी जैन ने प्रथम स्थान हासिल किया।

संगीत प्रतियोगिता में महक पचेरिया,सीमा रावत,खुशबू गोचर, दिव्या अवस्थी, सीमा रावत और हर्षिता मीणा की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऑन स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में वैष्णवी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी हिसार (हरियाणा) में आयोजित अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में कोटा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## कैलाशवासी राजमाता माधवी राजे सिंधिया की जयंती पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली दी

**कोटा, 31 जनवरी।** महाराज माधवराव सिंधिया वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी की माताजी कैलाशवासी राजमाता माधवी राजे सिंधिया जी की जयंती पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

यह जानकारी देते हुए महाराज माधवराव सिंधिया वेलफेयर सोसाइटी कोटा के अध्यक्ष इंद्रमोहन सिंह हनी ने बताया इस अवसर पर माधवराव सिंधिया वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यो ने आज छावनी चौराहे स्थित माधवराव सिंधिया पार्क में राजमाता जी की फोटो पर माल्यार्पण कर अपने अपने विचार रखे, सदस्यों ने राजमाता के लडकियों की पढाई में योगदान के बारे में चर्चा की, उन्होंने हमेशा ग्वालियर संभाग व जनता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर मुख्य रूप से गजेन्द्र ठाकुर, अश्फाक हुसैन,राजू वर्मा, कैलाश जोशी,मनोज धोबी, राजकुमार मीणा,लोकेश तिवारी, गौरव तिवारी, यकीन खान आदि उपस्थित रहे।





## पीएम श्री स्कूल में स्पोर्ट्स डे योजना के तहत हुई अन्तर सदनीय प्रतियोगिता शुरू

**पैंतरा न्यूज।**

**किशनगंज 31 जनवरी।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत घट्टी मुख्यालय पर स्थित पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में स्पोर्ट्स डे योजना के तहत छात्र–छात्राओं की अंतर सदनीय विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। घट्टी स्कूल के प्रधानाचार्य कुंजबिहारी नागर ने बताया कि पीएम श्री स्कूल में प्रतिवर्ष स्पोर्ट्स डे योजना के तहत छात्र–छात्राओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। इसी क्रम में घट्टी स्कूल में स्पोर्ट्स डे योजना के तहत अंतर सदनीय खेल गतिविधियां आयोजित की गई है। जिसके अंतर्गत शुक्रवार को सहकारी समिति घट्टी के अध्यक्ष जयदेव महलदार के मुख्य आतिथ्य एवं विशिष्ट अतिथि अमित शर्मा, हेमराज नागर व गोपीबल्लभ चौरसिया की उपस्थित में फीता काटकर विधिवत खेल प्रतियोगिताएं का शुभारंभ किया गया।

अंतर सदनीय प्रतियोगिताओं में शुक्रवार को छात्र वर्ग की रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में आरती दल एवं छात्र वर्ग में सोहन गुर्जर दल प्रथम स्थान पर रहे।वहीं जेपलिंग थ्रो प्रतियोगिता में विजेता सोहन गुर्जर व उपविजेता अजय सरकार रहे। आज शनिवार को स्कूल की अंतर सदनीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित करवायी जाएगी। निर्णायक के रूप में शारीरिक शिक्षक हेमराज वर्मा रहे।

## 19 सालो से नाम व स्थान बदलकर फरार चल रहे स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

**पैंतरा न्यूज।**

**बारां 31 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक बारां राजकुमार चौधरी ने बताया कि जिले मे गिरफ्तारी वारंट व स्थायी वारंटीयान की धरपकड हेतू चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत राजेश चौधरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बांरा व सोजीलाल वृताधिकारी वृत अंता के निर्देशन मे पुलिस थाना सीसवाली मे तुलसीराम स.उ.नि. इंचार्ज थानाधिकारी द्वारा गठित विशेष टीम द्वारा नाम व स्थान बदलकर जगह–जगह निवास करने वाले वर्षो से फरार चल रहे स्थाई वारंटी दल्ला उर्फ दल्लाराम उर्फ सुरेष पुत्र चौथमल जाति मोगिया निवासी गोपालपुरा थाना देवलीमांझी जिला कोटा राजस्थान को अथक प्रयास से 30 जनवरी को माननीय न्यायालय एसीजेएम मांगरोल द्वारा जारी स्थाई वारंट केश नं० 32/2006 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट व केष नम्बर 479/2016 धारा 379, 411, 120 बी भादस में गिरफ्तार किया जाकर पेश न्यायालय किया गया है।



## गर्भवती महिला की मौत के मामले में महिला कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**पैंतरा न्यूज।**

**बारां 31 जनवरी।** महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष बृजेश वर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। महिला कांग्रेस की महासचिव चंचल धाकड़ ने बताया कि 25 जनवरी को ब्राह्मण समाज की गर्भवती बहू कनिका शर्मा की डॉक्टरों की लापरवाही के चलते उसी दिन मौत हो गई। जिसकी महिला कांग्रेस ने घोर निंदा करते हुए और कठोर कार्यवाही की मांग की।

जिला अध्यक्ष बृजेश वर्मा ने कहा कि जिन व्यक्तियों पर पुलिस द्वारा झूठे मुकदमे कई धाराओं में दर्ज किए गए हैं उनको निरस्त कर बनाए गए ये झूठे मुकदमे रद्द किए जाएं अगर प्रशासन द्वारा कार्यवाही नहीं की तो महिला कांग्रेस द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा, महिला कांग्रेस की मांग है कि दोषियों पर कठोर कार्यवाही हो और निर्दोषों को अपराध मुक्त किया जाए। इस दौरान सूरजा बाई, महासचिव अनीता बेरवा, चमेली बाई, मोहनी बाई, ममता बाई, ममता मेघवाल, निर्मला मेघवाल, पूजा, दीक्षा गोस्वामी, गुड़िया सुमन, शकुंतला अग्रवाल, कलावती शर्मा, घिसीं शर्मा, मांगी भाई, अनीता यादव, विमला प्रजापति आदि महिलाएं उपस्थित रही।

## जेसीआई ने मनाया बसंत उत्सव

**पैंतरा न्यूज।**

**बारां 31 जनवरी।** बसंत ऋतु की दस्तक होते ही जेसीआई बारां ने पूरे धूमधाम के साथ बसंत का स्वागत किया। जी हां जेसीआई बारां ने एक निजी रेस्टोरेंट पर बड़े हर्षौल्लास के साथ बसंत उत्सव मनाया।

जेसीआई बारां की मीडिया प्रवक्ता जेएफपी कीर्ति मित्तल जैन ने बताया कि तत्कालीन प्रेसिडेंट सोनिया चौरसिया के निर्देशन में यह कार्यक्रम बहुत मनोरंजक और भारतीय संस्कृति को दर्शाता रिवाजों को निभाता हुआ सा प्रतीत हुआ। सभी ने मां सरस्वती को रिझाने वाले पीले रंग के वस्त्र पहने। कार्यक्रम स्थल को भी पीले फूलों से सजाया गया था। सुपर एक्टिव यंगेस्ट सदस्या याशिका चौरसिया द्वारा तैयार किए गए।

वेलकम येलो फ्लावर ने सबके स्वागत में पीले गुलाल के टीके के साथ चार चांद लगा दिए। पूर्व अध्यक्ष श्रुति सिंघल द्वारा बहुत ही क्रिएटिव हाउजी बनाई गई जिसमें प्रथम विजेता प्रिया जैन तथा द्वितीय रूपाली गोयल रही। साथ ही आईपीपी स्वाति नागर द्वारा कई तरह के खेल भी खिलाए गए, जिसमें स्लिप उठाओ किस्मत चमकाओं गेम की विजेता प्रिया ड्रोलिया तथा द्वितीय कुसुम गोयल तथा तृतीय स्थान पर प्रिया जैन रही। बसंत की रानी यानी कि बसंती क्वीन का खिताब श्रुति सिंघल ने जीता। नई सदस्या प्रियंका गोयल का भी जेसीआई बारां फैमिली में स्वागत किया गया। सभी मेंबर्स ने जॉन डायरेक्टर लेडी जेसी निधि बंसल को भी जॉन डायरेक्टर बनने की बहुत बधाई दी और कार्यक्रम में पूरा सहयोग करने के लिए भी धन्यवाद दिया। प्रीति गोयल ने भी पूरे कार्यक्रम में उत्साह से भाग लिया।



## राजकिय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वाषिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मानित समारोह सपंन्न



**पैंतरा न्यूज।**

**मांगरोल 31 जनवरी।** कस्बे में गुरूवार को राजकिय उच्च माध्यमिक विद्यालय मांगरोल में वाषिक उत्सव एवं प्रतिभा संमानित समारोह कार्यक्रम आयोजित किया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष विजय, विष्ट अतिथि में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिता पोरवाल, अतिथि में भाजपा पार्षद भरत चोरसियाँ, अध्यक्षता में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ब्रजमोहन वर्मा, विधालय समिति सदस्य कांग्रेस मंडल अध्यक्ष महावीर पांचाल, कांग्रेस पार्षद अखतर बखतावर, इन सभी अतिथियो का विद्यालय के प्रिसिपल राजेन्द मीणा व सभी अध्यापक ने माला पहनाकर स्वागत किया, तथा वही कार्यक्रम मां सरंस्वती पुजा अर्चना कर सुभारंभ किया, छोटे बच्चो ने नाटक कर व बालिकाओ राजस्थानी गीत पर नाचकर सुंदर प्रसुती दी। ओर वही अतिथियो द्वारा 19 प्रतिभाऔ को संमान पत्र देकर उत्सा है बढाया। संमान पत्र में कक्षा 5 छात्र क्रिश प्रजापति, कक्षा 8 में सुरज, कक्षा 10 मे रविकुमार रैगर, कक्षा 12 (विज्ञान वर्ग) दशीनी चोरसियाँ अंक 94.60, कक्षा 12 कलावर्ग में रोहित बैरवा ने अंक 84 प्रतिशत, कक्षा 12 विणिज वर्ग में परवेज अखतर अंक 71 प्रतिशत, राजस्तीय शतरंज प्रतियोगता में भाग लिया ख्यति पंचोली, सहित सभी छात्र व छात्राय को संमानित किया।

## हर्षोल्लास से मनाया वार्षिक उत्सव



**पैंतरा न्यूज।**

**बारां 31 जनवरी।** किशनगंज ब्लॉक के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मायथा में अतिथियों द्वारा महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर रामधुनी गीत एवं उनके चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर वार्षिक उत्सव विदाई एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के नोनिहाल बालक–बालिकाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में भामाशाह के रूप में मानसिंह गुर्जर, उप सरपंच, बृज नगर द्वारा सभी बच्चों के लिए सामूहिक भोजन की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर एसएमसी के पूर्व अध्यक्ष मुकेश गुर्जर, अध्यक्ष रामकरण गुर्जर, उपाध्यक्ष बृजेश पारेता, सदस्य नरेश गुर्जर और ब्रजनगर पीईईओ शौकत अली मंसूरी एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं ग्रामवासी भी उपस्थित रहे। पीईईओ अंसारी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार द्वारा कई योजनाएं सरकारी शिक्षा के क्षेत्र में में दी जा रही है उसका सभी अपने बालक–बालिकाओं को अधिक से अधिक सरकारी विद्यालयों में दाखिला करवा कर भरपूर लाभ उठाए। अंत में संस्था प्रधान द्वारा उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन स्थानीय विद्यालय के शारीरिक शिक्षक महावीर प्रसाद बैरवा द्वारा किया गया।

## ऑनलाइन पेपरलेस छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च

**पैंतरा न्यूज।**

**बारां 31 जनवरी।** समाज कल्याण अधिकारी शुभम नागर ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिए राजस्थान राज्य के मूल निवासियों के लिए विभाग द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है। इन योजनाओं में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना, विमुक्त, घुमंतु एवं अर्द्ध घुमंतु समुदाय, मिरासी एवं मिश्ती उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाएं शामिल हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा राज्य की राजकीय, निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं और राष्ट्रीय स्तर की शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों से वेब पोर्टल या एसएसओ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पेपरलेस आवेदन कर सकते है।

## कर्तव्य बोध दिवस मनाया

**पैंतरा न्यूज।**

**बारां 31 जनवरी।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उच्च शिक्षा (राजस्थान) की स्थानीय ईकाई राजकीय महाविद्यालय, बारां में कर्तव्य बोध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत प्राचार्य, डॉ. के.एम. मीना का सानिध्य प्राप्त हुआ, एवं अध्यक्षता प्राचार्य, भगवान सिंह मीना ने की। डॉ. के.एम. मीना ने युवा शक्ति के प्रणेता स्वामी विवेकानंद जी एवं आजादी के गर्मदल के नेता श्री सुभाष चन्द्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डाला। स्वामी विवेकानंद जी को उनके गुरू स्वामी रामकृष्ण परमहंस के द्वारा कर्तव्य बोध कराना एवं माँ काली का स्वामी विवेकानंद जी को दर्शन देना, इसके पश्चात शिकागों में आयोजित विश्वस्तरीय धर्म सम्मेलन में भारतीय दर्शन एवं ज्ञान का परचम पूरे विश्व में स्वामी विवेकानंद जी द्वारा फहराना उनके कर्तव्य बोध को प्रदर्शित करता है। मुख्य वक्ता ने यहां मुख्य वाक्यों, सामाजिक समरसता, वसुधेवकुटुम्बकम, स्वदेशी अपनाओं ,पर्यावरण संतुलन आदि के बारे में बताया। सुभाष चन्द्र बोस ने आजाद हिन्द फौज की स्थापना की एवं ''तुम मुझे खून दो– में तुम्हे आजादी दुगां'' नारा दिया। बोस ने (आईसीएस) की परीक्षा पास करने के पश्चात अंग्रेजी हूकूमत का बाबू बनने के बजाय अपने देश के प्रति कर्तव्य को निभाते हुए आजादी की लड़ाई लड़ी। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापित डॉ. रामकेश मीना, प्राणीशास्त्र ने किया, कार्यक्रम में प्रो. रामकेश मीना, मुनेश चन्द्र शर्मा, विवेक कुमार नागर, राजेन्द्र मीना एवं छात्र/छात्राऐं उपस्थित रहें।

## नए अध्यक्ष का किया स्वागत

**पैंतरा न्यूज।**

**छबड़ा 31 जनवरी।** गुर्जर धर्मशाला में जीकेएकेपी की बैठक संभाग अध्यक्ष छीतरलाल कसाना के सानिध्य में संपन्न हुई। बैठक में नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र गुर्जर का सभी सदस्यों ने माला पहनाकर स्वागत किया और यहां सभी ने संगठित रूप से समाज उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लिया ताकि समाज शैक्षिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक रूप से उन्नति प्राप्त कर सके। बैठक में गिर्राज गुर्जर ब्लॉक अध्यक्ष वीर गुर्जर महासभा, तहसील संयोजक उमेश गुर्जर, ओमप्रकाश, डॉ. हरिसिंह, गंगाधर, प्रकाशचंद्र, प्रेमचंद धनोरिया, रवि गोचर आदि मौजूद रहे।

## पेंशनर्स की समायाओं का होगा समाधान



**पैंतरा न्यूज।**

**बारां 31 जनवरी।** पेंशनर समाज की समीक्षा बैठक मुख्य अतिथि रामकरण नागर अध्यक्षता नारापण प्रसाद जैन विशिष्ठ अतिथि टीकाराम शर्मा, महेन्द्र कुमार शर्मा के आतिथ्य में प्रायोजित की गई। जिलाध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने बताया कि 30 जून को सेवानिवृत पेंशनर्स को एक वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा मिलता है इसी प्रकार एम ए. सी. पी. के कारण पी.पी. ओ. जीपी. सी.पी. संशोधित हुए है परन्तु अंतर राशि का भुगतान पेंशनर्स को नही हुआ हैए कुछ पेंशनर्स के पुराने भुगतान भी लम्बित है उन्हें दस्तावेज प्रस्तुत करने पर शीघ्र भुगतान होगा।

इस अवसर पर आज ही सेवा मिलत हुये चन्द्र प्रकाश विजय संस्थापन अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी पत्नि के साथ कमलेश विजय के साथ आये पेंशनर समाज राजपाल सिंह, बाबूलाल शर्मा, धन्ना लाल मेहरा, दिनेश कुमार शर्मा, देवकी नन्दन विजय, हरिश कश्यप, विरेन्द्रसिह यादव को जन्म दिन की शुभकामनाएं प्रदान की गई।

मुख्य प्रवन्धक मनीष शर्मा मुख्य प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक के मनीष शर्मा ने बताया कि खाता घारक को नोमीनेशन अवश्यक अवश्य कराना चाहिये तथा एक खाता धारक अधिकतम चार व्यक्तियों को नोमोशन कर सकता है या आनुपातिक हिस्सा राशि हेतु अधिकृत कर सकता है। आप बैंक में पधारे कई लाभ की योजनाए है जिनकी जानकारी हेतु आपका स्वागत है। इस अवसर पर हरिश पाठक रामगोपाल मीणा, गोविन्द तिवारी ने अपने विचार रखे कार्यक्रम का संचालन भैरूलाल जैन द्वारा किया गया, बैठक में दर्शन कई वरिष्ठ पेंशनर्स की उपस्थिती रही।

## वार्षिक उत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

**पैंतरा न्यूज।**

**भंवरगढ़ 31 जनवरी।** कस्बे के रा उ मा विद्यालय में वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त अध्यापक पुरषोत्तम गुप्ता रहे व अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार शर्मा ने की। समाज सेवी धर्मेंद्र गुप्ता, भंवरलाल चंदेल, पंकज गोयल, आरिफ मेव आदि विशिष्ठ अतिथि रहे। वर्षभर उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र–छात्राओं का सम्मान किया गया। विद्यालय में बालिकाओं के लिए शौचालय बनवाने वाले भामाशाह धर्मेंद्र गुप्ता, विद्यालय के आर्थिक सहयोग करने वाले भामाशाह पंकज गोयल, भंवरलाल चंदेल व आरिफ मेव का माल्यापर्ण, शॉल ओढ़ाकर प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अध्यापक विद्यालय प्रशासन द्वारा विदाई दी गई। व्याख्याता भारत नागर व मनीष नागर ने बच्चों को जीवन मे अनुसार, कार्य के प्रति ईमानदारी से बढ़ने व गुरुजनों के सम्मान की बात कही। अंत मे प्रधानाचार्य शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया मंच संचालन आजाद हुसैन द्वारा किया गया।

## तीन क्वाटर फाईनल हुए संपन्न

**पैंतरा न्यूज।**

**छीपाबडोद 31 जनवरी।** आयोजन कमेटी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे के स्टेडियम में चल रही राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले क्वार्टर फाइनल मैच श्रीगंगानगर और चित्तौड़गढ़ के मध्य खेला गया। जिसमें श्रीगंगानगर 1–0 से विजय रही। दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच राजकीय फुटबॉल एकेडमी जोधपुर और बीकानेर के मध्य खेला गया जिसमें जोधपुर टीम 2–1 से विजय रही। तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच प्रतापगढ़ और जयपुर एलिट के मध्य खेला गया जिसमें 2–1 से जयपुर एलिट विजय रही।


समाचारों के लिये डॉयल करे:–
फोन:– 294218
मों. नं.:– 94133–54218
E-mail :- pentranews@gmail.com



maashardabaran@gmail.com
अब आपके शहर बारां में सभी प्रकार की डिग्री, डिप्लोमा एवं अन्य कोर्स करने हेतु सम्पर्क करें।
10वीं फैल, 11वीं करें
12वीं फैल BA Com, BSC करें
Director M. 94133-54183
Acharya Bhagchand Nager 73398-54183
MAA SHARDA
Sr. Sec. Public School Nakoda Colony Baran (Raj)
GN.M D. Pharmecy DMLT
B.Sc. Nursing B.Phamecy Course
मान्यता प्राप्त सरकारी एवं प्राईवेट यूनिवर्सिटी से
Distance Learing Course

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| B.Ed. | B.A. | M.A. | B.Lib. | B.C.A. | PGDCA |
| M. Ed. | B.Sc. | M.Sc. | M.Lib. | B.B.A. | YOGA |
| B.S.T.C. | B.Com. | M.Com. | D.Lis. | M.C.A. | B.P.Ed |

DAESI खाद, बीज व पेस्टीसाईड डीलरशिप व दुकान लगाने हेतु
-:परामर्श के लिये सम्पर्क करें:-
आचार्य भागचन्द नागर
मां शारदा सी.सैकण्डरी स्कूल
नाकोड़ा कालोनी तेलफैक्ट्री बारां










## संपादकीय


# भीड़ की त्रासदी है

अंततः साबित हो गया कि महाकुंभ प्रयागराज में 'त्रासद हादसा' हुआ। भीड़ के कारण भगदड़ मची। भगदड़ वैसी ही थी, जैसी इतिहास में दर्ज हैं और हम कई बार देख–सुन चुके हैं। जिंदगी एक भी बेहद अमूल्य है, वह किसी भी सूरत में कुचली नहीं जानी चाहिए। यह अक्षम्य मानवीय अपराध तय होना चाहिए। मौत निश्चित और अपरिहार्य है, लेकिन मौत वह होनी चाहिए, जो नियति ने तय की हो। क्या महाकुंभ की त्रासदी को भी नियति मान लिया जाए? महाकुंभ में करोड़ों श्रद्धालु पुण्य कमाने गए थे और अब भी जा रहे हैं, प्रधानमंत्री मोदी ने भी उन्हें 'पुण्यात्मा' माना है, वे पूर्णतरू आस्थामय थे, लिहाजा पवित्र संगम घाट से 200 मीटर की दूरी तक पहुंच गए थे। फिर उनकी आस्था अधूरी क्यों रही? शायद यही नियति हो! बहरहाल भगदड़ मची और सोते, विश्राम करते भक्त भीड़ की कुचलियों तले फंस गए।

कुचलन के कारण 30 मौतें हो गईं, 60 घायल हुए। उनमें से 36 लोग अब भी अस्पताल में उपचाराधीन हैं। महाकुंभ की यह त्रासदी विश्व भर के मीडिया में छाई है। बड़े–बड़े अखबारों में सुर्खियां, विश्लेषण छापे जा रहे हैं कि भारत इतने व्यापक स्तर पर भीड़ का प्रबंधन करने में नाकाम रहा। सवाल उठाए जा रहे हैं कि क्या कुंभ जैसे अपरिमित जन–आयोजन भारत में किए जाने चाहिए? भारत के सुरक्षाकर्मी भीड़ को नियंत्रित कर रहे थे अथवा महज अपीलें जारी कर रहे थे? अंतरराष्ट्रीय मीडिया में भारत–विरोधी अभियान–सा छिड़ गया लगता है।

बेशक भगदड़ें होती रही हैं, धार्मिक स्थलों पर ज्यादा हुई हैं, लिहाजा ऐसी त्रासदियों को भी नियति माना जाए। दुनिया भर में भयानक और वीभत्स हत्याएं भी की जाती रही हैं। यह एक निरंतर अपराध है। कुंभ या किसी भी जन–सैलाब के दौरान भगदड़ और बर्बर हत्याओं को मीडिया में 'बैनर सुर्खियों' के तौर पर छापा जाता रहा है। कई दिनों तक विश्लेषण भी प्रकाशित किए जाते रहे हैं, लेकिन अलजाइमर की बीमारी दुनिया भर में मौतों की 7वीं सबसे बड़ी और तय कारण है, लेकिन उसकी खबर एक कोने में छपती है।

कई बार तो नजरअंदाज भी कर दिया जाता है। सडक दुर्घटनाओं में सालाना लाखों मौतें होती हैं, लेकिन इन्हें भी सुर्खियां नहीं बनाया जाता। कोरोना महामारी की खबर तब तक एक कोने में, अंदर के पन्नों पर, छपती रही, जब तक भारत में मौतों का आंकड़ा निरंतर और भयावह नहीं हो गया। दरअसल भारत एक संकरा और भीड़–भाड़ वाला देश है। आबादी करीब 145 करोड़ है और निरंतर बढ़ रही है। गौरतलब है कि भारत में 9 शहर ऐसे हैं, जिनकी आबादी 70 लाख से ज्यादा है। करीब 46 शहर ऐसे हैं, जिनकी आबादी 10 लाख से अधिक है। इन शहरों के पास ऐसे मैदान भी नहीं हैं, जहां 5 लाख की भीड़ को एक जगह संभाल लिया जाए। देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जहां एक दिन में 8–10 करोड़ लोगों की भीड़ जमा हो सके और कोई हादसा भी न हो। हमारे रेलवे स्टेशनों पर इतनी भीड़ हो जाती है कि अक्सर भगदड़ के आसार बनते रहते हैं। फिर महाकुंभ में करोड़ों की भीड़ के प्रबंधन और नियंत्रण के दावे क्यों किए गए? पुण्य स्नान के लिए लोगों को आमंत्रण क्यों दिया जाता रहा? बेशक मेला क्षेत्र 4000 हेक्टेयर में फैला है। यह अभूतपूर्व है। सुरक्षाकर्मी 70,000 से अधिक तैनात किए गए हैं, लेकिन स्नान की होड़ में भीड़ उनके निर्देशों को भी नहीं मानती। दरअसल भारत के ज्यादातर लोग धर्म–भीरू हैं, आस्तिक आत्माएं कम हैं, लिहाजा भक्त 10–15 किलोमीटर पैदल चलते रहे, धक्के खाते रहे, संघर्ष करते रहे, क्योंकि उन्हें 'अमृत स्नान' करना था। बहरहाल महाकुंभ की त्रासदी पर न तो इंजीनियर बनें और न ही राजनीतिक विद्वेष फैलाएं। हमें भीड़–तंत्र के विज्ञान को समझना होगा, नहीं तो त्रासदियां भी अपरिहार्य ही रहेंगी।

सम्पूर्ण सुविधा युक्त

श्री महावीर गार्डन
जोनल हॉस्पीटल के सामने
कृष्णा नगर कोटा रोड़, बारां
C/O अग्रवाल टेन्ट हाउस अस्पताल रोड़, बारां
94601-76238 94142-88130






## शहर काजी जुबैर अहमद साहब का उमराह कर लौटने पर किया इस्तकबाल

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 31 जनवरी।** उमराह पैगंबर मोहम्मद की सबसे खूबसूरत सुन्नतों में से एक है, उमराह करने देश से हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। कोटा शहर काजी जनाब जुबैर अहमद साहब उमराह कर कोटा लोटे। उन्होंने वहां भारत में अमन चौन की दुआ मांगी और सभी से प्रेम करने का संदेश दिया।

कोटा पहुंचने पर शहर काजी साहब का अंजुमन इस्लामिया सेकैंड्री स्कूल घंटाघर इतजामिया कमेटी एवं नगर निगम कोटा उत्तर उप महापौर सोनू कुरैशी की ओर से भव्य स्वागत किया गया। शहर काजी साहब का माला पहनाकर स्वागत किया।

इस दौरान शहर काजी ने बताया कि उन्होंने उमराह के दौरान कोटा सहित देश में तरक्की के लिए दुआ की। इस दौरान शहर काजी ने कहा कि हम सभी को इंसानियत का फर्ज निभाते हुए एक दूसरे से प्रेम करना चाहिए,यही परवर दिगार का संदेश है,जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए, किसी को सताना नहीं चाहिए, यही संदेश पूरे जहां में पैगबर साहब ने दिया है। उमराह करने के दौरान उन्होंने पारम्परिक वेश में सजदा किया।

उप महापौर सोनू कुरैशी ने कहा कि मुस्लिम समाज में हज का महत्व अधिक है, लेकिन उमरा का भी महत्व माना जाता है। हम सभी को खुदा के बताए रास्ते पर चलते हुए उमराह कर अमन शांति के लिए दुआ करनी चाहिए। इस मौके पर अंजुमन सदर सलीम खान,नायब सदर सोनू कुरैशी (डिप्टी मेयर), साजिद जावेद, सेकेट्री जलील अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# इलेक्ट्रोपैथी रिसर्च में राजस्थान अब बढ़ेगा आगे

## राज्य में इलेक्ट्रोपैथी विकास हेतु बजट आवंटन के लिए सरकार के सामने रखी गई मांग

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,31 जनवरी।** राज्य के जिला सचिवों की बैठक में हुए कई अहम निर्णय। इलेक्ट्रोपैथी रिसर्च पर किया गया प्रस्ताव पारित।

इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा परिषद के संरक्षक इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सक आर बी गुप्ता कोटा संभाग प्रभारी शादाब अहमद ने बताया कि कोटा से जिला सचिव महावीर प्रसाद तथा उप जिला सचिव जी पी राजकुमार भी इस बैठक में शामिल हुए।

इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक चिकित्सा परिषद,जयपुर के जिला सचिवों की एकदिवसीय बैठक का आयोजन होटल क्रेस्टमोंट में किया गया। राज्य में चल रहे 216 इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा शिविरों की श्रृंखला पर सब ने अपने–अपने अनुभव रखते हुए जानकारी दी कि इन चिकित्सा शिविरों से राजस्थान की स्वास्थ्य सेवाओं में बहुत बड़ा योगदान मिला है।

परिषद के सचिव गोविंद लाल सैनी ने चिकित्सा शिविरों में सहयोग करने वाली सेवाभावी सभी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए इलेक्ट्रोपैथी दवाओं से जनता की सेवा करते रहने का आह्वान किया। सभी जिलों के चिकित्सकों ने मिलकर इस पद्धति के प्रचार प्रसार हेतु और अधिक कार्य करने की 2 वर्षो की व्यापक योजना तैयार की। पद्धति के विकास हेतु चिकित्सकों द्वारा राज्य सरकार से इस पद्धति के लिए बजट आवंटन की भी मांग की गई।

परिषद के महामंत्री लुनेश मालवीय ने पिछले दो सालों में हुई रिसर्च पर प्रकाश डालते हुए राजस्थान को अपनी भूमिका बढ़ाने का आह्वान किया। इलेक्ट्रोपैथी पौधों एवं औषधियो पर व्यापक विचार विमर्श के बाद अनेक संस्थाओं से जुड़कर रिसर्च करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके राष्ट्र के प्रति योगदान को स्मरण किया गया। 2 मिनट का मौन रखकर सभी चिकित्सकों ने महात्मा गांधी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

राज्य की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के जन्म दिवस पर सभी चिकित्सकों द्वारा उनको बधाई देते हुए वित्त मंत्री के रूप में इलेक्ट्रोपैथी के लिए बजट आवंटन की बात कही।परिषद के अध्यक्ष हेमंत सेठिया द्वारा राज्य में इलेक्ट्रोपैथी बोर्ड गठन के सभी पहलुओं पर विचार करते हुए आगामी कार्य योजना को सफल बनाने पर बल दिया गया। बांसवाड़ा, डूंगरपुर,कोटा,सवाई माधोपुर,अजमेर, हनुमानगढ़, झुंझुनू,दौसा,भीलवाड़ा, प्रतापगढ़,पाली सहित जयपुर के प्रमुख चिकित्सकों ने इस बैठक में भाग लिया।



**प्रस्ताव :–**इलेक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा परिषद, जयपुर, राजस्थान के हम सभी सदस्य प्रस्ताव पारित करते हैं कि इलेक्ट्रोपैथी– औषधिय पौधों एवं इलेक्ट्रोपैथी औषधियों (Medicines) पर रीसर्च करने हेतु राज्य भर में काम करेंगे AEHCP के हम सदस्य यह भी प्रस्ताव पारित करते हैं कि इस कार्य हेतू राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर। राजस्थान यूनिवर्सिटी, जयपुर। फार्मेसी रिसर्च इंस्टीट्यूट राजस्थान। देश के अन्य रिसर्च अनुसंधान केंद्रो से पत्राचार कर उनके साथ रिसर्च हेतु कॉलोब्रेशन करेंगे।

इलेक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा परिषद के हम सभी सदस्य यह भी संकल्प लेते हैं कि रिसर्च कार्य को राजस्थान में गति प्रदान करने हेतु आवश्यक धन की व्यवस्था स्वयं के द्वारा तथा समाज से एवं सरकार से सहयोग लेते हुए करेंगे।

## धाकड़ समाज महिला इकाई की बैठक आयोजित



**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 31 जनवरी।** श्री धाकड़ महासभा के 32 में राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी हेतु समाज की महिला इकाई द्वारा बैठक आयोजित की गई।

श्री धाकड़ समाज पंचायत कोटा महानगर की महिला प्रमुख वंदना नागर ने बताया कि धरणीधर गार्डन पर प्रांतीय अध्यक्ष महिला इकाई अनुसूईया नागर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें 8 और 9 फरवरी को आयोजित होने जा रहे राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर महिला टोली गठित की गई। उन्होंने बताया की महिलाओं की टोली शहर के समाज बंधुओ के घर–घर जाकर उन्हें पीले चावल व आमंत्रण पत्र देकर अधिवेशन में आने के लिए आमंत्रित करेगी।

राष्ट्रीय अधिवेशन में महिलाओं की भागीदारी अधिकतम हो इसके लिए सभी महिलाओं को अपने–अपने क्षेत्र में निवास कर रही समाज की महिला शक्ति को अधिवेशन में लाने के लिए जिम्मेदारी दी गई।

# आचार्य श्री पुष्पदंत सागर महाराज के 45वें दीक्षा दिवस पर हुआ भव्य पूजन एवं दीप प्रज्वलन




**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 31 जनवरी।** जैन संत आचार्य पुष्पदंत सागर महाराज का 45वें दीक्षा दिवस महावीर नगर द्वितीय स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज ससंघ सानिध्य में सेवा, साधना और समर्पण के रूप में मनाया।

मंदिर अध्यक्ष दर्पण जैन ने बताया कि इस पावन अवसर पर 45 इंद्र परिवारों द्वारा विशेष पूजन एवं दीप प्रज्वलन किया गया। इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने पूरे भक्ति भाव से भाग लिया और गुरु भक्ति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। पूजन के मुख्य यजमान का सौभाग्य चेतन कुमार, विशाल जैन एवं अर्पित कुमार सराफ को प्राप्त हुआ। पार्षद गोपाल मंडा भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सकल समाज के अध्यक्ष विमल जैन नांता ने भी आचार्य श्री पुष्पदंत सागर महाराज के ज्ञान, जनहित, करूणा व दया पर अपने विचार व्यक्त करते हुए पुष्पगिरी प्रणेता आचार्य पुष्पदंत सागर जी महाराज की दिव्यता का बखान किया।

***गुरु महिमा का गुणगान :–***

विनयांजलि सभा में प्रज्ञा सागर जी महाराज ने गुरु भक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि गुरु के उपकार का बदला चुकाना असंभव है, क्योंकि गुरु ही वह मार्गदर्शक होते हैं जो शिश्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। गुरू ही ज्ञान व अज्ञान के बीच के भेंद को बताकर शिष्य के जीवन में स्वज्ञान का प्रकाश लाते है और समझ को सकारात्मक रूख प्रदान कर उनके जीवन को सार्थक बनाते है।

आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज ने अपने प्रेरणादायी प्रवचनों में कहा कि श्रावकों को निरपेक्ष भाव से साधु–संतों की सेवा और पूजा करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि सच्चे समर्पण और निष्ठा के साथ यदि कोई साधु–संतों की सेवा करता है, तो वह अपने जीवन को सफल बना सकता है और आत्मिक शांति प्राप्त कर सकता है।

***पोस्टर विमोचन :–***

इस अवसर पर 2 मार्च को आयोजित विशेष दीक्षा दिवस कार्यक्रम के लिए पोस्टर विमोचन भी किया गया।

पोस्टर विमोचन समारोह में यतीश खेड़ा, अर्पित जैन एवं गोपाल राम मंडा ने विमोचन किया और कार्यक्रम की भव्यता को दर्शाते हुए समाज के सभी लोगों से इसमें शामिल होने का आह्वान किया।

इस दिव्य आयोजन में सकल जैन समाज के अध्यक्ष विमल जैन नांता, कार्याध्यक्ष जे.के. जैन, महामंत्री विनोद टोरडी, राजेश मंगलम, ईश्वर सोनी एवं मनोज जयसवाल सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। आचार्य श्री प्रज्ञा सागर महाराज शनिवार को प्रातः 7:30 बजे आके पूरम जैन मंदिर के लिए विहार करेंगे।

## फोरेंसिक ऑडिट एवं ई–फाइलिंग में लागत लेखाकार का महत्वपूर्ण स्थान: सीएमए मित्तल

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 31 जनवरी।** इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के कोटा चैप्टर द्वारा फोरेंसिक ऑडिट में ई–फाइलिंग विषय पर सीएमए भवन, बसन्त विहार, कोटा में एक सेमिनार का आयोजन किया गया।

कोटा चौप्टर के चेयरमैन सीएमए राजेन्द्र नाटाणी ने बताया कि सेमिनार में भाजपा जिलाध्यक्ष, राकेश कुमार जैन मुख्य अथिति थे और नार्थन रीजन के उपाध्यक्ष सीएमए सत्य नारायण मित्तल विशिष्ट अतिथि थे।सीएमए जयपुर चेप्टर के पूर्व चेयरमैन सीएमए पी.आर.जाट ने सेमिनार में मुख्य स्पीकर के रूप ने विस्तार से पीपीटी के साथ फॉरेंसिक ऑडिट विषय पर अपने विचार सभी के साथ साझा किए। मुख्य अतिथि राकेश जैन ने कॉस्ट एवं मैनेजमेंट अकाउंटेंट की राष्ट्र निर्माण में भूमिका एवं लागत का व्यापार में महत्व के बारे में बताया। स्पीकर सीएमए राजेन्द्र नाटाणी ने विस्तार से ई–फाइलिंग के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में रिपोर्ट एवं डॉक्यूमेंटस को ई–फाइलिंग करना एवं इसकी जानकारी बहुत आवश्यक है।

विशिष्ट अतिथि सीएमए सत्यनारायण मित्तल ने बताया कि हर प्रोफेशनल को अपने आपको अपडेट रखना सदैव आवश्यक है। साथ ही बताया कि फोरेंसिक ऑडिट एवं ई फाइलिंग में लागत लेखाकार का महत्वपूर्ण स्थान है। कोटा चैप्टर के फाउंडर सेक्रेटरी सीएमए रामप्रसाद व्यास ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

सचिव सीएमए तापेश माथुर ने बताया कि इस सेमिनार में सीएमए एम.बी.सोंखिया, सीएमए एस.पी. गुप्ता, सीएमए रामप्रसाद व्यास, सीएमए पूर्वा अग्रवाल, सीएमए अनिता दरगडएवं सीएमए स्टूडेंट्स सहित करीब 60 प्रोफेशनल लोगों ने सेमिनार में सहभागिता की।

# सेवानिवृत पुलिस कल्याण संस्थान जिला कोटा पेंशनर्स की समस्याओ के समाधान हेतु तत्पर



**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 31 जनवरी।** राजस्थान पुलिस सेवानिवृत कल्याण संस्थान, जिला कोटा की आवश्यक बैठक नंदलाल पवन, प्रदेश सचिव कोटा सम्भाग की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सर्वप्रथम विगत 25 जनवरी को संगठन द्वारा आयोजित संभागीय अधिवेशन की ऐतिहासिक सफलता हेतु सभी भागीदार सदस्यों के प्रति आभार एवं कृतज्ञता की गई। इसके पश्चात पूर्व में सदस्यों से प्राप्त पेंशन संबंधी समस्याओं के निराकरण बाबत संबंधित सदस्यों को अवगत कराया गया।

संगठन के संभागीय अध्यक्ष नवनीत महर्षि तथा जिलाध्यक्ष तेजराज सिंह ने उपस्थित सदस्यों को बताया कि संगठन उनकी समस्याओं के निराकरण के प्रति सदैव से ही गंभीर रहा है और सभी न्यायोचित समस्याओं के समाधान हेतु युद्धस्तर पर कार्यवाही हेतु प्रतिबद्ध है। संगठन के उपाध्यक्ष भंवर सिंह हाड़ा तथा महासचिव के.के.शर्मा ने सदस्यों का आह्वान किया कि वे एकजुटता के साथ इस मान्यता प्राप्त संगठन को दिन प्रतिदिन मजबूत बनाएं और निर्भीक होकर अपनी समस्याओं को जिला प्रशासन एवं सरकार के समक्ष उठाने में संकोच न करें।

बैठक में कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर भी विस्तृत चर्चा करते हुए प्राप्त लिखित अभ्यावेदनों के शीघ्र समाधान हेतु संबंधित को आश्वस्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्य विजय सिंह कुंतल ने सदस्यों से आगामी 15 फरवरी को जिला बारां में आयोजित होने वाले संभागीय अधिवेशन में अधिक से अधिक भाग लेकर इसे ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करने हेतु प्रेरित किया।

इस दौरान रिजर्व पुलिस लाईन, जिला कोटा शहर से इस माह के अंत में अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत होने वाले मुरलीधर मीना,सहायक उप निरीक्षक एवं मोहनलाल मीना, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को भी सम्मानित किया गया।

बैठक के अंत में हाल ही में दिवंगत हुए मुरली मनोहर योगी, सेवानिवृत्त सहायक उप निरीक्षक, जिला कोटा ग्रामीण के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।




## सहकारी बैंकों व सहकारी साख समितियों को महिला समृद्धि योजना शुरू करनी चाहिए–शर्मा

**कोटा, 31 जनवरी।** भारत सरकार द्वारा महिलाओं में बचत की भावना में इजाफा करने के लिए पोस्ट आफिस के जरिए महिला सम्रद्धि योजना गत वर्ष प्रारंभ की गई थी जिसका अच्छा परिणाम रहा है।



प्रदेश के सहकारिता मंत्री को आज सहकार विद रामगोपाल शर्मा ने पत्र लिखकर मांग की है कि राज्य में भी सहकारी बैंकों व बचत एवं साख सहकारी समितियों को भी निर्देश देवें कि वे भी महिलाओं के लिए जिनकी आयु 18 से 57 साल की है, उनके लिए तीन वर्ष के लोकिंग अवधि के लिए महिला सहकार सम्रद्धि बचत योजना शुरू करे, योजना में 8 फीसदी ब्याज दर रखी जावे। शर्मा ने कहा कि इस योजना से जहां एक और महिलाएं सहकारी आंदोलन से जुड़ेगी वहीं चिटफंड व बीसी जैसी परिपाटी के प्रलोभन से मुक्त हो सकेगी।

# बड़े ही अदब एहतराम और भाईचारे के साथ मनाया उर्स मुबारक



**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 31 जनवरी।** सूफी संत अता ए ख्वाजा कुतबुल इरशाद सूफी हाफिज अब्दुल हकीम शाह साहब अबरारी र.अ. का उर्स मुबारक गुरुवार 30 जनवरी को बड़े ही अदब एहतेराम और भाइचारे के साथ मनाया गया।

उर्स संयोजक (दरगाह इंचार्ज) हामिद हकीमी ने बताया कि हाड़ौती के महान सूफी संत अता ए ख्वाजा हजरत सूफी हाफिज अब्दुल हकीम शाह साहब अबरारी र.अ.उर्स मुबारक (सज्जादा नशीन व मुतवल्ली' जनाब सूफी जाहिद हुसैन हकीमी साहब की सरपरस्ती में बड़े अदब और एहतराम के साथ सुल्तानपुर में नवा उर्स बरोज गुरुवार को मनाया गया, जिसमें सुल्तानपुर मुख्य बाजार से सेंकड़ों अकीदतमंदो और मुरीदों ने जुलूस के रूप में दरगाह शरीफ पहुंच कर चादर पेश की और देश में अमन चौन बना रहे और देश की खुशहाली के लिए दुआ की।

उर्स में देश भर से आए कव्वालों ने जिसमें शाहेदीन साबरी या सूफी अब्दुल हकीम एक आस लिए हम तुमरे द्वारे आए है और सरफराज अनवर साबरी सुल्तानपुर में धूम मची है ख्वाजा अब्दुल हकीम की शादी रची है इस तरह के अनेक बेह्तरीन कलाम पेश किये और सभी अकीदतमंदो पूरी रात कव्वाली का लुत्फ उठाया।

इस अवसर सत्यनारायण मालव थाना अधिकारी,दीपक महावर मजिस्ट्रेट उपखंड अधिकारी, मुकेश मेघवाल जिला प्रमुख, रितेश जी सहायक अभियंता विद्युत विभाग, पवन मीना उपमहापौर कोटा,विनय कुमार सिंगल भीमराव अम्बेडकर समिति महासचिव कोटा,पूर्व सरपंच मांगीलाल सुल्तानपुर, विद्याशंकर नन्दवाना पूर्व विधायक पीपल्दा,वीरेन्द्र शर्मा, छोटू भैय्या, महेंद्र कुमार कंवरपुरा, पूर्व प्रधान महेंद्र गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष सुल्तानपुर सतीश खण्डेलवाल,रजत अरोड़ा चेयरमैन रजत सिटी ग्रुप कोटा, जुल्फिकार पठान रजत सिटी, सीईओ हकीम बक्श एचपी गैस आदि गणमान्य अतिथि एवं सूफी सन्त और अता ए ख्वाजा के हजारों मुरीद मौजूद रहे।

# नए मरीजों के लिए रविवार को नि:शुल्क कैंप का आयोजन

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,31 जनवरी।** अफिनिटी हॉस्पिटल, तलवंडी चौराहा द्वारा वसंत पंचमी के अवसर पर एक शुरूआत की जा रही है, इसमें रविवार को नए मरीजों के लिए एक नि:शुल्क कैंप का आयोजन किया जाएगा। डॉ. नीना विजयवर्गीय, मनो चिकित्सक एवं काउंसलर, एमबीबीएस, डीपीएम (साइकेट्री), एमआईपीएस ने बताया कि बहुत से लोग मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं से परेशान तो रहते हैं, लेकिन वित्तीय रूप से कमजोर होने की वजह से परामर्श नहीं ले पाते हैं, जिससे बीमारी का समय रहते इलाज नहीं हो पाता और बीमारी दिन प्रतिदिन बढ़ती जाती है। इसीलिए इस कैंप का उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग आएं और अपने मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए एक कदम बढ़ाएं।



इस कैंप में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं में नए मरीजों के लिए नि:शुल्क परामर्श, नि:शुल्क ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की जांच शामिल होंगी। कैंप का समय दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक रहेगा।

# छबड़ा थर्मल में निजीकरण के विरोध निकली आक्रोश रैली

**पैंतरा न्यूज**

**छबड़ा 31 जनवरी।** थर्मल में पिछले 104 दिनों से चल रहे ज्वाइंट वेंचर के विरोध प्रदर्शन का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है परंतु, सरकार ओर विद्युत प्रशाशन आंख मूंद कर बैठे है। चंडीगढ़ ओर उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में हो रहे बिजली के निजीकरण के खिलाफ 31 जनवरी को पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया गया ओर आक्रोश रैली निकाली गई, इसी के चलते छबड़ा थर्मल की संयुक्त संघर्ष समिति ने भी देश व्यापी विरोध प्रदर्शन में अपनी भूमिका निभाई ओर छबड़ा थर्मल आवासीय कॉलोनी से प्लांट के मुख्य द्वार तक रैली निकालते हुए जमकर नारेबाजी की और निजीकरण खत्म करने की चेतावनी सरकार को दी।



छबड़ा थर्मल की संघर्ष समिति के संयोजक ने बताया कि 20 दिसंबर 2024 को जयपुर स्थित विद्युत भवन कर हुए एक दिवसीय महापड़ाव के बाद ऊर्जा सचिव ने आश्वासन दिया था कि जनवरी के दूसरे सप्ताह में थर्मल की संघर्ष समिति को वार्ता के लिए बुलाया जाएगा, परंतु अभी तक किसी भी प्रकार की वार्ता नहीं की गई है जो कि प्रशाशन की तरफ से धोखेबाजी और गलत मंशा को दर्शाता है। हाल ही में गणतंत्र दिवस के मौके पर छबड़ा थर्मल पावर प्लांट को राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ विद्युत उत्पादन ग्रह का उत्कृष्टता पत्र उत्पादन निगम के सीएमडी देवेंद्र श्रृंगी द्वारा दिया गया। जिसके बाद थर्मल की संघर्ष समिति का कहना है कि विद्युत प्रशासन ओर सरकार बताए कि एक तरफ तो छबड़ा थर्मल को सर्वश्रेष्ठ बताया जा रहा है ओर वही दूसरी ओर सबसे पहले इसी प्लांट का ज्वाइंट वेंचर के नाम पर निजीकरण क्यों किया जा रहा है। पूरे विद्युत उत्पादन निगम के सभी पावर प्लांटों में चल रहा निजीकरण विरोधी आंदोलन आने वाले विधान सभा सत्र में भी चर्चा का विषय बनने वाला है।

सरकार को अब बताना पड़ेगा कि क्यों वो अपने सबसे सस्ती बिजली बनाने वाले छबड़ा थर्मल प्लांट को ज्वाइंट वेंचर के नाम पर बेच रही है।

# हॉस्पिटल कि 9वीं वर्षगांठ पर आयोजित शिविर में 62 यूनिट रक्त संग्रहित



**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,31 जनवरी।** लायंस क्लब कोटा स्टार व कोटा सेन्ट्रल हॉस्पीटल के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर व चिकित्सा शिविर का आयोजन हॉस्पिटल के 9 वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष में किया गया। शिविर में 62 लोगों ने रक्तदान किया गया।

शिविर में युवाओं,महिलाओं एवं परिवार जनों ने बढ़–चढ़कर रक्तदान किया।संयोजक राजेंद्र सोयल ने बताया कि समाज सेवा का इससे अच्छा उदाहरण और कोई नहीं हो सकता। इसलिए सेवा के माध्यम से ही हॉस्पिटल कि 9वीं वर्षगांठ को मनाया गया। रक्तदान करना कोटा शहर में परंपरा और अनुशासन का परिचायक बन गया है।

सह संयोजक लायन महावीर मेघवाल ने बताया कि रक्तदान शिविर में श्री राम बल्ड बैंक की टीम ने 62 यूनिट रक्त संग्रहित किया वहीं 46 लोगों की हीमोग्लोबिन की जांच की गई।

शिविर में 184 ब्लड प्रेशर, व मधुमेह के 198 रोगियों की नि:शुल्क जांच भी कराई गई और साथ मे स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा 84 महिला रोगियों कि जांच व चिकित्सक के द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया गया।

रक्तदान शिविर में लायंस क्लब कोटा स्टार के अध्यक्ष नरेश शर्मा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम मे दीपक भलवाल,दिनेश आर्य,विशाल बागड़ी,गजेंद्र सिंह,मोहन गौड़, जिज्ञासा, प्रश्मिका राजेंद्र चोहला,भंवर सिंह हाड़ा हॉस्पिटल स्टाफ सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कस्बे सहित क्षेत्र में आज 4 घंटे तक बंद रहेगी विद्युत सप्लाई

**पैंतरा न्यूज**

**किशनगंज 31 जनवरी।** रानीबडोद स्थित 33/11 केवी जीएसएस पर रखारखाव एवं मरम्मत के चलते कस्बे सहित यहां से जुड़े सभी फीडरों की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता राहुल यादव ने बताया कि रानीबडोद स्थित 33/11 केवी जीएसएस पर ट्रांसफार्मर की मरम्मत एवं अर्थिंग के रखरखाव करने को लेकर आज शनिवार को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2.30 तक किशनगंज कस्बे सहित बिजली उपखंड क्षेत्र के कामठा, बांसथूनी, जेंसवा, क्रेशर हीकड़ एवं दीगोदपार आदि फीडरों से जुड़े सभी गांवों एवं कृषि लाइनों की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

# डीआरएम ने सेवानिवृत्ति पर 28 रेल कर्मचारियों को किया सम्मानित



**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 31 जनवरी।** रेलवे विभाग कोटा मण्डल से इस वर्ष 2025 के जनवरी माह में आयुसीमान्तर्गत 28 रेल सेवकों का सभागृह में विदाई समारोह आयोजित किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कोटा मंडल से जनवरी माह में वाणिज्य शाखा के अधिकारी सहायक वाणिज्य प्रबंधक के के कटकवार एवं विभिन्न विभागों के 27 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। जिनमें मुख्य कार्यालय अधीक्षक, कार्यालय अधीक्षक, वरिष्ठ तकनीशियन, ट्रैकमेंन, सीनियर सेक्शन इंजीनियर, हेल्पर, स्टेशन अधीक्षक एवं मुख्य लोको निरीक्षक इत्यादि महत्पूर्ण पदों पर कार्यरत कर्मचारी शामिल रहे। सभी सेवानिवृत्त हो रहे रेल सेवको को संबंधित दस्तावेज जैसेरू– पेंशन पे आर्डर, सेवा प्रमाण पत्र, सर्विस रिकार्ड की सॉफ्ट कापी, पहचान पत्र, मेडिकल कार्ड, कंपोजिट ट्रांसफर ग्रांट भत्ता एवं पास आवेदन तथा प्राधिकार पत्र प्रदान किये गये।

इस दौरान डीआरएम ने उदवोधन में कर्मचारियो को सेवानिवृत्ति राशि का सदउपयोग, स्वास्थयमय जीवन व्यतीत करने की सलाह देते हुए उनके भावी सुखी जीवन की शुभकामना दी तथा रेलवे के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं अतुलनीय योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुप्रकाश, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक आर के प्रजापत, सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी विद्या भूषण भारती, सहायक मंडल वित्त प्रबंधक त्रिभुवन कुमार, सेवानिवृत्त कर्मचारी तथा उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहें।

# बी जे एस का कैंसर जागरूकता अभियान

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,31 जनवरी।** बीजेएस (भारतीय जैन संघटना) के संस्थापक श्री शांतिलाल मुथा के द्वारा प्रतिपादित फाउंडेशन प्रोग्राम के तहत कैंसर पर परिचर्चा का आयोजन कर रहा है।

कैंसर महामारी का रूप लेता जा रहा है अत: लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करने हेतु कैंसर पर एक सेमिनार का आयोजन बी जे एस कोटा चैप्टर कैंसर दिवस पर करने जा रहा है।

अध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन ने बताया की बीजेएस नेशनल लेवल पर कई सारे प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है और उन्हें फाउंडेशन प्रोग्राम के तहत बीजेएस कोटा चैप्टर ने स्वामी विवेकानंद जयंती पर भी यू वाह कार्यक्रम का आयोजन किया था और इसी श्रृंखला के तहत विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष में बीजेएस का दूसरा प्रोग्राम कैंसर क्रुसेडर्स कैंसर के प्रति जागरूकता एवं बचाव के लिए पूरे भारतवर्ष में मनाया जाएगा।

BJS कोटा चैप्टर के सचिव अरुण जैन ने बताया कि इसी के तहत कोटा में भी 2 फरवरी रविवार को सुमंगलम मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में शाम को 8 बजे एक सेमिनार आयोजित किया जा रहा है जिसमें डॉ निधि बरथुनिया सीनियर स्त्री रोग विशेषज्ञ कैंसर के बारे में जानकारी एवं बचाव के बारे में जागरूक करेंगी।

प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर नीलिमा दिलीप जैन ने बताया कि इस परिचर्चा में जीवन बीमा एवं मेडिक्लेम की भी जानकारी टाटा एआईजी के ब्रांच हेड राहुल कुमार द्वारा सांझा की जाएगी।

# विधि विधान से भैरवनाथ जी की स्थापना की कलशयात्रा निकाली,भंडारे का किया आयोजन



**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,31 जनवरी।** प्राचीन मथुरेश भैरवनाथ मंदिर सेवा समिति के सदस्यों द्वारा नीलकंठ महादेव मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकल गई जिसमें महिलाएं ने सिर पर कलश धारण कर गंगाजी का आव्हान किया।

समिति सदस्यों ने बताया कि पुलिस चौकी के निर्माण के दौरान भैरव जी महाराज को अन्य जगह विराजमान किया था, उसके बाद जब टिपटा चौकी का निर्माण पूर्ण हो गया तो भैरवनाथ भगवान का मंदिर भी बनाया गया जिसमें उन्हें फिर से वहां विधि विधान से पूजा अर्चना कर मंत्रोच्चार के साथ विराजमान किया गया। इस अवसर पर भव्य कलशयात्रा निकाली गई जिसमें महिलाएं मंगल गीत गाती चल रही थी, नृत्य कर रही थी वहीं बैंड बाजों के साथ भैरव नाथ जी को मंदिर में विराजमान किया गया।

इस अवसर पर प्रसादी वितरण किया गया जिसमें सैकडों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समिति के सदस्य महेश गौतम लल्ली, नीरज शर्मा, तेजकरण,अनशी, ललित सरदार, राकेश शर्मा राकू सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## श्री कल्याण राय जी का 544 वां प्राकट्य उत्सव कल

**बारां 31 जनवरी।** जिले के आराध्य श्री कल्याण राय जी के 544 में प्राकट्य उत्सव पर रविवार बसंत पंचमी पर निकलने वाली शोभा यात्रा का शहर सराफा बाजार में भव्य स्वागत और अतिथियों का सत्कार किया जाएगा। राजस्थान दुकानदार महासंघ के बारा जिला अध्यक्ष ललित मोहन खंडेलवाल सर्राफा व्यापारी पवन कुमार बंसल विनोद कुमार गर्ग अनुराग जैन राजेंद्र मंगल भीमराज सोनी अश्विनी बांसल ने बताया कि जन–जन के आराध्य भगवान श्री कल्याण राय जी के 544 पर प्राक्टय स्थापना दिवस पर सराफा बाजार में पूरी धार्मिक परंपरा और अतिथियों के विशेष सम्मान के साथ स्वागत किया जाएगा। शोभायात्रा में आगंतुकों के लिए श्री कल्याण राय जी मंदिर की भोग लगी हुई केसरिया दूध की खीर का वितरण होगा।

# 15 महीने से फरार चल रहा अपराधी गिरफ्तार

**पैंतरा न्यूज**

**बारां 31 जनवरी।** अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी मे संलिप्त 15 महीने से फरार चल रहे 10 हजार के अपराधी का गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक बारां राजकुमार चौधरी ने बताया कि आईजीपी कोटा रेन्ज कोटा द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत राजेश चौधरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बारां के नेतृत्व व विकाश कुमार पुलिस वृताधिकारी छबडा के सुपरविजन मे बृजेशसिह उ.नि. थाना अधिकारी हरनावदाशाहजी के नेतृत्व मे अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम एवं वाँछित अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु थाना हरनावदाशाहजी की विशेष टीम का गठन किया गया था।

गठित टीम ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी मे संलिप्त 15 महीने से फरार चल रहे 10 हजार के ईनामी अपराधी दिलीप उर्फ भूरा पुत्र मेघराज जाति मीणा निवासी गडारी थाना छीपाबडौद जिला बारां को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है।

# पुलिस ने खोये/चोरी हुए 48 लाख 23 हजार की कीमत के 211 मोबाईल किये बरामद

**पैंतरा न्यूज।**

**बारां 31 जनवरी।** पुलिस अधिक्षक राज कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय राजस्थान जयपुर एवं महानिरीक्षक पुलिस कोटा रेंज, कोटा द्वारा 02 से 31 जनवरी तक चलाये जा रहे विशेष अभियान साईबर शील्ड ऑपरेशन साईबर साईबर शील्ड के दौरान आमजन के गुमशुदा मोबाईल को ट्रेस करने हेतू निर्देशित किया गया जिसकी पालना में यह जिम्मेदारी साईबर सैल जिला बारां को दी गई। जिसमें जिले के राजेश चौधरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बारां के निर्देशन में प्रभारी साइबर सैल की टीम गठित कर गठित टीम ने करीब 48 लाख 23 हजार रूपये की कीमत के गुमशुदा 211 मोबाईल बरामद किये गये जिनको आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में गुम हुए मोबाईल के परिवादियों को पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी व राजेश चौधरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के हाथो से वितरित किये गये।

गुमशुदा मोबाईल पाने वालो के चेहरे खुशी से खिल उठे और पुलिस का धन्यवाद के साथ–साथ पुलिस के इस काम की बड़ी सराहना की।

पुलिस अधीक्षक राज कुमार चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी साइबर सैल प्रभारी ओर उनकी टीम का भी स्थानीय लोगों ने धन्यवाद देकर उनके काम की सराहना की। लंबे समय से बारा जिले के थाना क्षेत्र में मोबाइल गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज थी जिनको तलाशने के लिए प्रभारी साइबर सैल ने पुलिस अधीक्षक राज कुमार चौधरी के निर्देशन में मोबाईल तलाशने का काम टीम द्वारा शुरु करवाया था।

टीम द्वारा अथक प्रयास कर बारां जिले के गुमशुदा मोबाईल यूपी, दिल्ली, हरियाणा, मध्यप्रदेश, बिहार, एवं राजस्थान के अन्य जिलो एवं राज्यों से मंगवाये गये है।

साइबर सैल के प्रभारी जगदीश चन्द्र शर्मा स.उ.नि., कानि. प्रकाश चौधरी, हरिप्रकाश मीणा, मनदीप साइबर सैल की मदद से गुमशुदा मोबाईल तलाशे गये जिनको आज मोबाईल मालिकों को वितरित किये गये। इस पर पुलिस अधीक्षक राज कुमार चौधरी ने टीम के कार्य से प्रसन्न होकर इनको सम्मानित करने की धोषणा की है।

# राउण्ड टेबल ने राजकीय विद्यालय में किये योग किट का वितरण




**पैंतरा न्यूज**

**कोटा,31 जनवरी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केशवपुरा में राउण्ड टेबल 358 द्वारा योग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 50 योग किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन प्रांशुल कंजोलिया ने कहा कि योग मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने विद्यार्थियों को योग अपनाने और इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर राउंड टेबल के सेक्रेटरी रोहित जैन और टेबलर ;षभ मेहता उपस्थित रहे। सेक्रेटरी रोहित जैन ने बताया कि बच्चों को योगा हेतु मेट व टीशर्ट का वितरण किया गया और योग के फायदों के बारें में बताया गया।

विद्यालय प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने राउण्ड टेबल का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस पहल से छात्रों को योगाभ्यास के प्रति जागरूकता मिलेगी। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थी, शिक्षकगण और राउण्ड टेबल के सदस्य उपस्थित रहे।

# स्वामी रंजीतानंद सरस्वती महाराज दंडी स्वामी की उपाधि से विभुषित



**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 31 जनवरी।** परम् पूज्य पंच खंड द्वादश पीठाधिश्वर दंडी स्वामी श्री कालिकानंद सरस्वती महाराज ने अपने शिष्य स्वामी रंजीतानंद सरस्वती महाराज के त्याग, तप,भाव, समर्पण के अभिषेक स्वरूप भारत की अनंत परम्पराओ के अनुसार दंडी स्वामी की उपाधि से विभुषित किये जाने का निर्णय लिया गया था, जो सन्यास परम्परा का यह शिखर क्षण तिथर्राज प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ में पूज्य स्वामी रंजीतानंद को 31 जनवरी शुक्रवार प्रात: कालीन शुभ बेला मे दंडी स्वामी से विभुषित किया गया। दंडी स्वामी की उपाधि से विभुषित होने पर गुरुभक्त मंडल आनंद धाम जबेरा, मंगलेश्वरी मठ कोटा राजस्थान के भक्तों में हर्ष की लहर हैं।

## आज यहां बिजली बंद रहेगी

**पैंतरा न्यूज**

**कोटा, 31 जनवरी।** विद्युत लाइनों के रखरखाव के कारण शनिवार को निम्न स्थानों पर बिजली बंद रहेगी।

सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक–

केशवपुरा सेक्टर 6 और 7, महावीर नगर सेक्टर 2 और 3 आदि।

10.30 से दोपहर 2.30 बजे तक–

पार्श्वनाथ, नांता आदि।

प्रिया हॉस्पिटल

"Affordable Multi Speciality Health Care for Baran"

मल्टीस्पेशलिटी एवं ट्रोमा सेन्टर, कॉलेज रोड, बारां

प्रतिदिन परामर्श समय प्रात: 9 से 2 बजे तक सायं 4 से 6:30 बजे तक

निशुल्क :- RGHS राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर के लिए नि:शुल्क परामर्श, नि:शुल्क जाँचें नि:शुल्क दवाईयाँ एवं सभी प्रकार के मरीजों की भर्ती एवं ऑपरेशन नि:शुल्क।

निशुल्क :- मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना/आयुष्मान भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत सभी प्रकार का ईलाज नि:शुल्क।

निशुल्क :- ESI कर्मचारियों के लिए सभी प्रकार का ईलाज नि:शुल्क।

निशुल्क :- समस्त प्रकार के हेल्थ इंश्योरेन्स (TPA) के अन्तर्गत सभी प्रकार का ईलाज नि:शुल्क।



विशेषज्ञ सेवाएं :-
* जनरल मेडिसीन (ह्रदय एवं श्वांस रोग विशेषज्ञ)
* महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ * नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
* पेट एवं गुर्दा रोग, जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विशेषज्ञ
* हड्डी, जोड़ प्रत्यारोपण एवं रीढ़ की हड्डी के रोग विशेषज्ञ
* अत्याधुनिक 4D कलर डोप्लर रंगीन सोनोग्राफी व अत्याधुनिक सी.टी. स्केन मशीन।

आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध

-: हॉस्पिटल पूछताछ केन्द्र :-

Mob.-98299-15153, 74120-34825

विशेष : डिलीवरी में जननी सुरक्षा योजना की सुविधा।

प्रकाशक, मुद्रक, मालिक योगेश गुप्ता के लिए संकल्प प्रिंटिंग प्रेस स्टेशन रोड़ बारां से मुद्रित एवं पुराने एम. जे. चिल्ड्रन स्कूल के पास मंगलपुरा झालावाड़ से प्रकाशित सम्पादक शिवम गुप्ता, प्रबंधक नरेश गोयल मो. 9413354218, 9414190940 फोन 07453–294218 (बारां), 9166201111 (झालावाड़)